CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 141 ▫ रायपुर, रविवार 15 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

### चार धाम की सर्विस पर लगाई रोक



**नई दिल्ली,** 15 जून (न्यूज चैनल)। केदारनाथ से लौटते समय गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5.20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई है। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरुआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। हेलिकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। गौरीकुंड से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है।

आईजी ढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनएटेस्ट होगा, उसके बाद ही परिजन को सौंपेंगे। इस बीच, चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाएगा। हेलिकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वालों की जानकारी के अनुसार 1. पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान) 2. विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) 3. विनोद देवी (उत्तर प्रदेश) 4. तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश) 5. राजकुमार सुरेश (गुजरात) 6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) 7. काशी (महाराष्ट्र) शामिल हैं।

### राहत-बचाव का काम जारी : धामी



हादसे को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर मिली है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं। सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा, %रुद्रप्रयाग जिले में हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बारे में अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और अन्य बचाव दल राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। इसी के साथ हाल ही में राज्य में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। सीएमओ उत्तराखंड ने बताया कि सीएम धामी ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं के संचालन के लिए एक सख्त एसओपी तैयार की जाए, जिसमें उड़ान से पहले हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूरी जांच और मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए।

### हादसे पर ममता बनर्जी ने जताया दुख

उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, %सबसे अधिक दुखद बात यह है कि आज सुबह एक और नागरिक उड्डयन त्रासदी की खबर आई, इस बार उत्तराखंड से, केदारनाथ-गौरीकुंड-गुप्तकाशी क्षेत्र में। विमान में एक बच्चे और पायलट सहित 7 लोग सवार थे, और मीडिया द्वारा सबसे बुरी दुर्घटना की आशंका जताई गई है। जबकि हम बचाव और खोज अभियान के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, मेरी प्रार्थनाएँ विमान में सवार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हैं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना : डीएनए परीक्षण से 31 मृतकों की शिनाख्त हुई

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 31 लोगों की शिनाख्त डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है और अब तक 12 परिवारों ने शवों के संबंध में दावा किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए मिलान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक जितने भी शवों की शिनाख्त की गई है उनका संबंध गुजरात और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों से था। चूंकि अधिकांश शव इतने जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, इसलिए अधिकारी इस भयावह त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण करा रहे हैं।

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएन मैच राजकोट में होगा अंतिम संस्कार



गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को पुष्टि की कि अहमदाबाद में हुए घातक एयर इंडिया विमान हादसे के तीन दिन बाद, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए, दुर्घटनास्थल पर मिले उनके अवशेषों से मेल खा गया है। सुबह 11.10 बजे आई डीएनए रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई। उनका अंतिम संस्कार राजकोट में होगा। सीएमओ के अधिकारी उनके पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए शहर के सिविल अस्पताल में मौजूद थे।

## स्पा सेंटर में देर रात पुलिस की दबिश, 13 हिरासत में




**दुर्ग,** 15 जून (हाईवे चैनल)। भिलाई के सूर्या मॉल में पुलिस ने देर रात एक स्पा सेंटर में दबिश दी. पुलिस ने मौके से एक दर्जन संदिग्ध युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है. इसके अलावा पुलिस ने स्पा सेंटर से कई संदिग्ध वस्तुएं भी बरामद की हैं.

बता दें कि दुर्ग जिले मे 40 स्पा सेंटर संचालित है. सुपेला थाना क्षेत्र स्थित सूर्या मॉल में ही 6 स्पा सेंटर संचालित हैं. वही छावनी, भिलाई तीन, वैशाली नगर में करीबन एक दर्जन स्पा सेंटर संचालित हैं. यह शिकायत आम है कि इनमें से कई स्पा सेंटरों में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की खबर मिलने के बाद भी पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं करती है. सूर्या मॉल स्थित स्पा सेंटर में भी लंबे समय से अवैध गतिविधियों की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं. लेकिन अब जाकर पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिसमें पुलिस ने 10 महिला और तीन पुरुषों को हिरासत में लिया है. पुलिस इन युवक-युवतियों से पूछताछ कर उनके दस्तावेजों की जांच कर रही है.

**10 महिला और 3 पुरुष शामिल**

## केमिकल फैक्ट्री में मजदूरों पर ऊपर से गिरा 1 हजार किलो वजनी बोरा, एक महिला की मौत, दो मजदूर घायल



**दुर्ग,** 15 जून (हाईवे चैनल)। शनिवार को छावनी क्षेत्र स्थित अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री में हादसा हो गया। इसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री के अंदरशनिवार दोपहर को सभी मजदूर अपना अपना काम कर कर रहे थे। अचानक काफी ऊंचाई से करीब १००० किलो वजनी बोरा नीचे काम कर रही महिलाओं के ऊपर गिर गया। बोरे की चपेट में आने से ५८ वर्षीय महिला कर्मी जयंती साहू, जानकी यादव और प्रेमिन सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। फै1ट्री के लोगों ने तुरंत घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान जयंती साहू की मौत हो गई।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 4 की मौत

**नई दिल्ली,** 15 जून (न्यूज चैनल) ।प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार देर रात बारा तहसील के सोनवर्षा हल्लाबोर गांव में उस समय की है जब विरेंद्र वनवासी अपने परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि झुलसने के कारण विरेंद्र, पत्नी पार्वती, बेटी राधा और करीश्मा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महाराष्ट्र में कई आपराधिक मामलों में वांछित व्यक्ति मुठभेड़ में मारा गया

**नई दिल्ली,** 15 जून (न्यूज चैनल) ।महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के पास रविवार तड़के पुलिस के से हुई मुठभेड़ में हत्या और धन उगाही जैसे मामलों में वांछित 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाहरुख उर्फ अट्टी रहीम एक सक्रिय आपराधिक गिरोह का सदस्य था। अधिकारी ने बताया कि पुणे पुलिस को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि शाहरुख अपने रिश्तेदारों के साथ सोलापुर के पास लांबोटी गांव में छिपा हुआ है। उन्होंने बताया, शाहरुख के खिलाफ पुणे में हत्या, धन उगाही और अवैध हथियार रखने जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज थे। इस सूचना के आधार पर पुणे अपराध शाखा की एक टीम तुरंत लांबोटी रवाना हुई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने जब शाहरुख के ठिकाने पर छापा मारा तो उसने पुलिस को देखकर पिस्तौल निकाल ली और गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद देर रात करीब साढ़े तीन बजे पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। उन्होंने कहा, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत सोलापुर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## उरला के बालाज कार्बन एंड राइफेक्ट्रीज फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**रायपुर,** 15 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर से लगे औद्योगिक क्षेत्र उरला के बोरझरा इलाके में स्थित बालाज कार्बन एंड राइफेक्ट्रीज प्रा लि. फैक्ट्री में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। इस फैक्ट्री में डामर बिटूमिन बनता है और आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल अभी तक पता नहीं चल सका है। आग लगने की सूचना पर उरला पुलिस और दमकल की वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। चूंकि दमकल वाहनों को पानी भरने के लिए शहर तक आना पड़ता इसके लिए उन्होंने पास में ही स्थित बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड से पानी लेना उचित समझा और आग को नियंत्रण पाने में जुट गए।

## खाकी वर्दी हुई शर्मसार! शराब के नशे में धुत्त आरक्षक भट्टी के पास नजर आया लड़खड़ाते



**लोरमी,** 15 जून (हाईवे चैनल)। तहसील से खाकी वर्दी को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें नशे में बेसुध एक आरक्षक शराब भट्टी के पास लड़खड़ाते नजर आ रहा है. चंद मिनटों का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है.

बताया जा रहा है कि नशे में धुत आरक्षक मुंगेली जिले में पदस्थ रोशन कुमार पहाड़ी का है, जो सरकारी काम से लोरमी आया था. इस दौरान शराब भट्टी को देख वह अपने आप को रोक नहीं पाया. शराब पीने के बाद वह भट्टी के पास लड़खड़ाता नजर आ रहा है, जिसे मौके पर मौजूद कुछ लोग सहारा देते नजर आ रहे हैं.

## आज से तीन देशों की यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में जी-7 समिट में भी लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली,** 15 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करेगा। वह तीन देशों की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। तीन देशों की यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में मोदी ने कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान भागीदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। वह इस शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर भाग ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा भारत को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का भी अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस भूमध्य सागर क्षेत्र और यूरोपीय संघ का एक करीबी मित्र और महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के बाद वह क्रोएशिया का दौरा करेंगे और राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। मोदी ने कहा कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा के रूप में यह आपसी हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलेगी।

## अलग-अलग सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत, 19 घायल



**कोंडागांव/सरगुजा/बालोद**, 15 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. रविवार को अलग-अलग इलाकों से सड़क दुर्घटना सामने आई है. इन सड़क हादसों में 4 लोगों ने जान गंवा दी है. वहीं 19 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है. कोंडागांव से दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई, जहां शादी से लौट रहे लोगों की वाहन दुर्घटना का शिकार हो गई. क्रूजर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई. भीषण सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं. घटना बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र की है.

जानकारी के अनुसार, सभी कोंडागांव के भूमका दीगानार के पास वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे. शनिवार रात करीब 10 बजे वे वापस लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई. दर्दनाक सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई. घायलों को निजी वाहनों की मदद से फरसगांव स्वस्थ केंद्र पहुंचाया गया है. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है. मामले में पुलिस ने घटना के कारणों के जांच में जुटी हुई है.

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई. हादसे में बाइक चालाक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक सवार अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल है. घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, तीन युवक बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे. इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंबे से जा टकराई. हादसा कुनिया एक्स पार्टी नर्सरी के पास हुआ है. बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में दो घायल युवकों का स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य में इलाज जारी है। तीसरा सड़क हादसा बालोद जिले से सामने आया है, जहां बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हुई है. हादसे में बोलरो के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. कार सवार दो लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. बालोद -राजहरा मार्ग में देहान गांव के पास हादसा हुआ है. कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया. घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है. बालोद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।